हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 4 मई 2024



## एक ही दिन में दो वारदात, पुलिस जांच में जुटी

# घर में युवक की हत्या से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



ग्राम अमलीडीहकला निवासी एक युवक की खून से लथपथ लाश घर में मिलने से सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में सरगर्मी से जुटी हुई है। माना जा रहा है कि युवक की धारदार हथियार से हमला कर हत्या की गई है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत अमलीडीहकला निवासी देवप्रसाद वर्मा पिता लेखराम वर्मा 18 वर्ष का उसके घर में ही संदिग्ध अवस्था में खून से लथपथ लाश मिली है। बताया गया कि युवक के शरीर पर चोंट के निशान है। घटना के दौरान मृतक के माता-पिता काम से बाहर गए हुए थे। वहीं बड़ी बहन मनरेगा में काम करने गई हुई थी। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताया गया कि पुलिस इस संबंध में लोगों से पूछताछ भी कर रही है। प्रथम दृष्टया हत्या का माना जा रहा है। पुलिस इस मामले में बारिकी से जांच पड़ताल कर रही है।

उक्त घटनाक्रम से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है।

### पुल के नीचे मिली युवती की लाश



**राजनांदगांव।** ग्राम बिजनापुर में एक नाले के पुल के नीचे युवती की सड़ी-गली लाश संदिग्ध अवस्था में मिलने से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के मोहारा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिजनापुर नाला में बने पुल के नीचे आज सुबह एक युवती की संदिग्ध अवस्था में लाश पड़ी मिली। बताया गया कि लाश से दुर्गन्ध आ रही थी। घटना की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई है। मोहारा पुलिस के अनुसार युवती का शव लगभग दो दिन पुराना लग रहा है। संदिग्ध रूप से मृत मिली युवती की शिनाख्ति नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार युवती का उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष है। रंग गेहुआ, ऊंचाई लगभग 5 फीट, सफेद रंग का टी-शर्ट, डार्क नीले रंग का पैंट पहनी हुई है। पुलिस द्वारा शव की शिनाख्ति का प्रयास किया जा रहा है। शव को पीएम के लिए भिजवाया गया है। नाले के पुल के नीचे मिली युवती की लाश की खबर से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस इस मामले में लोगों से पूछताछ भी कर रही है।


### कोचियों से भी हर पेटी के लिए कमीशन तय!

# शराब दुकानों में ओवररेट की शिकायतें प्रति बोतल 10-20 रु.अधिक ले रहे दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर में नए वित्तीय वर्ष से शराब की कीमतें 40 रुपए से लेकर 120 रुपए तक बढ़ा दी गई है। नए कीमतें एक अप्रैल से लागू भी हो गई है, लेकिन सरकारी शराब दुकानों में मदिराप्रेमियों से इससे भी अधिक पैसा लिए जाने की शिकायत सामने आई है। राजनांदगांव सहित खैरागढ़ और मोहला-मानपुर जिले की शराब दुकानों में लोगों से बोतल के पीछे 10 से 20 रुपए अधिक लिए जा रहे हैं।

जबकि अप्रैल में कीमतें बढ़ने के बाद भी बोतल में पुरानी कीमते प्रिंट है। जिसके चलते लोगों को भी सही दाम की जानकारी नहीं मिल पा रही है। लगातार अधिक कीमतें लेने की शिकायत के बाद भी आबकारी विभाग कोई कार्रवाई करने से बचता नजर आ रहा है। एक मदिराप्रेमी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उसने एक व्हीस्की की बोतल दुकान से खरीदी। जिसकी कीमत 1020 रुपए है, लेकिन उससे दुकानदार ने 20 रुपए अधिक लिए। इसके अलावा पसंदीदा ब्रांड की बोतलें भी लोगों को नहीं मिल पा रही है। दुकान में स्टॉक न होने का कारण बताकर लोगों को उपलब्ध ब्रांड की बोतलें थमाई जा रही है।



### तीन जिलों में 28 शराब दुकानें

उल्लेखनीय है कि अविभाजित राजनांदगांव जिले में कुल 28 शराब दुकानें है। जिनमें 16 देशी और 12 विदेशी दुकानें शामिल है। इनमें 16 दुकानें राजनांदगांव जिला, 8 खैरागढ़ और 4 मोहला-मानपुर जिले में है। इन दुकानों के जरिये ही शराब की बिक्री की जा रही है।

0 **राजनांदगांव।** भीषण गर्मी के साथ ही बाजार में मौसमी फलों की भरपूर आवक शुरू हो चुकी है। रसीले फलों के अलावा अन्य फल भी बाजार में उपलब्ध हैं।

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. किशोर सांगोड़े
MBBS, MD (Internal Medicine)
• ब्लड प्रेशर • बुखार • पेट रोग
• शुगर • खांसी • किडनी
• थायराइड • छाती रोग • लकवा • माइग्रेन
• श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या • नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

# मोबाइल की लूट आरोपी व अपचारी बालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

दवाई लेने जा रहे एक व्यक्ति का रास्ता रोककर मोबाईल फोन लूटकर फरार होने वाले मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी योगेश देशलहरे पिता मांगीलाल देशलहरे 30 साल साकिन मुढ़ीपार थाना गातापार अपने पत्नी को डिलवरी के लिए शासकीय अस्पताल खैरागढ़ में भर्ती कराया था। 29 अप्रैल को दरमियानी रात्रि लगभग 1 बजे शासकीय अस्पताल खैरागढ़ से दवाई लेने मेडिकल जा रहे थे, तभी दो अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रार्थी को बीच रास्ते में रोककर पैसे मांगने लगे, पैसा नहीं है बोलने पर हाथ में रखे आईटेल कंपनी के मोबाईल को जबर्दस्ती छीनकर भाग गए। रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में धारा 392, 34 भादवि पंजीबद्ध किया गया।

### घेराबंदी कर पकड़ा

पुलिस के अनुसार इस मामले में पुलिस की विशेष टीम बनाकर लूट के आरोपी की पतासाजी हेतु आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा एवं मुखबीरों से पूछताछ किया गया। सीसीटीवी कैमरा एवं मुखबीर सूचना से पता चला कि एक व्यक्ति एक टच स्क्रिन मोबाईल फोन को बाजार में काफी कम कीमत पर बिक्री हेतु ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया। संदेही मनीष यादव 24 साल साकिन वार्ड नं. 6 बरेठपारा खैरागढ़ को हिरासत में लेकर थाना लाकर कड़ाई से पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी मनीष यादव अपने साथी अपचारी बालक के साथ मिलकर मोबाईल फोन छीनना स्वीकार किया। आरोपी एवं अपचारी बालक के कब्जे से लूट के मोबाईल जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया। अपचारी बालक को माननीय किशोर न्यायालय के आदेश पर बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है।

# अवैध रूप से शराब बिक्री पुलिस गिरफ्त में आरोपी

**राजनांदगांव।** क्षेत्र में अवैध रूप से शराब एवं नशीले पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री के मामलों में धरपकड़ अभियान चला रही है। जिसके तहत पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 2 मई को मुखबीर से सूचना के आधार पर टीम गठित कर मुखबीर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया। जिसमें धारा 34(1)(ख) आबकारी एक्ट के तहत आरोपी आयुष चौधरी 32 साल निवासी राजाखुज्जी दरी रोड एवं मन्नू धनकर47 साल निवासी ग्राम माथलडबरी दोनों के पास कुल 42 नग पौवा युनकि देशी प्लेन शराब कीमती 3780 रुपए एवं कुल बिक्री रकम 420 रुपए कुल रकम 4200 रुपए को जब्त कर कार्रवाई की है।

# ढाबे में घुसकर गल्ले से नकदी रकम ले उड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

**घटना की रिपोर्ट पर पुलिस जांच में जुटी**

ढ़ाबा में लगे ताले को खोलकर अज्ञात चोर भीतर प्रवेश किए और गल्ले में रखे नगदी रकम को चोरी कर फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी हरिलाल वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि ग्राम लिमतरा स्थित उनके ढाबा में 29 अप्रैल को रात्रि लगभग 3 बजे तीन अज्ञात व्यक्ति ढाबा के बरामदा में सो रहे प्रार्थी के भाई के सिरहाने में रखे चाबी एवं मोबाईल को निकालकर ढाबा का ताला खोलकर भीतर प्रवेश किया और गल्ले में रखे नगदी रकम लगभग 20000 रुपए चोरी कर फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



## खबर संक्षेप



### प्रवेश द्वार की पकड़ कमजोर, हादसे का डर

**सड़क अतरिया।** ग्राम के मुख्य मार्ग में दो दशक पहले से प्रवेश बना हुआ है। प्रवेश द्वार में लगा बोर्ड की पकड़ टूटी हुई है। बोर्ड बिना किसी मजबुत पकड़ के लटका हुआ है जो आंधी, तूफान में हिलने लगता है। प्रवेश द्वार के पास ही घर, दुकान, होटल, पानठेला आदि है। बोर्ड अचानक गिराता है तो बड़ा हादसा हो सकता है।

### बाल विवाह रोकने निकली जागरूकता रैली



**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशानुसार बाल विवाह को रोकने के लिए जनपद सीईओ श्रीमती केशवरी देवांगन के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत मरकाटोला, पाटनवाड़वी, विजयपुर, सोमाटोला, गोटाटोला में बाल विवाह को रोकने जागरूकता रैली निकाला गया। रैली में बिहान समूह की महिलाए, क्रेडर दीदी समूह की सदस्य, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बाल विवाह रोकने संबंधित नारा लगाते हुए भ्रमण किया। लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया।

### तीनों बहनें परीक्षा में अव्वल



**बांधाबाजार।** पुखराज साहू और मिलेश्वरी की तीन बेटियों ने अपनी अपनी कक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया है। जानकारी के अनुसार पूर्व माध्यमिक शाला बांधाबाजार की कक्षा 8वीं की छात्रा डामेश्वरी ने परीक्षा में 93.8 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार आकांक्षा साहू जो कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला बांधाबाजार में कक्षा 11वीं बायो की छात्रा है ने परीक्षा 77 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। सरस्वती शिशु मंदिर बांधाबाजार की कक्षा सातवीं की छात्रा चित्रलेखा साहू ने 95.3 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। वह अपनी कक्षा में प्रथम स्थान पर रही।

### जांजगीर में सक्रिय हुए जंघेल



**सड़क अतरिया।** संसदीय क्षेत्र में मतदान होने के बाद पूर्व विधायक कोमल जंघेल जांजगीर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। श्री जंघेल और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से भाजा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े को जिताने का प्रयास कर रहे हैं। विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष नारायण चंदेल, जिला भाजपा अध्यक्ष गुलाव चंदेल भी प्रचार मे डटे हैं।

### आपदा प्रबंधन एवं नियंत्रण कक्ष की स्थापना

**मोहला।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी एस जयवर्धन के निर्देशानुसार प्राकृतिक आपदा लू-तापघात से निपटने हेतु कलेक्ट्रट के कक्ष क्रमांक 8 में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन एवं नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इस कक्ष में दूरभाष क्रमांक 07747-299136 है। इस दूरभाष पर कार्यालयीन समय में डायल कर प्राकृतिक आपदा लू-तापघात से निपटने हेतु सहायता लिया जा सकता है।आपदा लू-तापघात से निपटने हेतु जिला स्तर पर प्रेमलता चंदेल संयुक्त कलेक्टर को नोडल अधिकारी एवं श्री गजेन्द्र कुमार मिर्ची नियुक्त किया गया है।

# खुज्जी का मशहूर लगड़ा आम पककर तैयार, अक्ती के बाद मिलेगा खाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुज्जी

शिवनाथ नदी के तट पर स्थित बगीचे में आम अब तैयार है। अक्षय तृतीया के बाद लोगों को इसका स्वाद चखने मिलने लगेगा।

खुज्जी के धनंजय गोस्वामी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सबसे छोटी जमींदारी खुज्जी के जमीदार नवाब मोहिनुद्दीन ने खाली जमीनों पर अमरूद और आम का बगीचे लगाया था। शिवनाथ नदी के किनारे लंगड़ा आम का बगीचा है। पहले दो हजार आसपास आम के पेड़ थे। वर्तमान में करीब चार सौ पेड़ बचे हैं। इन पेड़ों पर लगे आम के फलों को नदी के किनारे से बखूबी देखा जा सकता है।

## महानगरों तक खुज्जी के आम की होती है सप्लाई

### आम की तुड़ाई शीघ्र

खुज्जी जमींदारी के नवाबों की रिश्तेदारी पाकिस्तान में होने के कारण खुज्जी का लंगड़ा आम पाकिस्तान में भी पहुंचा और पसंद किया जाने लगा। ठेकेदार कोमल निषाद, शिव दयाल निषाद, रतन पटेल ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी अक्षय तृतीया के दूसरे दिन से आम की तुड़ाई की जाएगी और लोगों को उपलब्ध होने लगेगा।



## बनारस से आया था बीज

जानकारी के अनुसार बनारसी लंगड़ा आम की उत्पत्ति 250 से 300 वर्ष पूर्व बनारस के एक शिव मंदिर से हुई है। कहा जाता है कि एक संत जो काशी गए थे, जो अपने साथ आम का बीज लाकर शिव मंदिर में लगाया था। मंदिर का पुजारी दिव्यांग था, इसलिए लोगों ने रसीले आम को लंगड़ा आम कहने लगे। संत ने मंदिर के पुजारी से कहा कि वह किसी को भी आम का बीज न दे। पुजारी ऐसा ही करता रहा लेकिन काशी नरेश ने जोर देने पर पुजारी ने एक बीज काशी नरेश को महल में लगाने दिया था उसके बाद यह लंगड़ा आम देश भर में फैला। लंगड़ा आम उत्तरप्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, बिहार, राजस्थान, गुजरात, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भी पैदा होता है। लंगड़ा आम खाने के लिए सामान्यतः मई से अगस्त तक उपलब्ध होता है। इसका आकार मध्यम से बड़ा होता है। गुद्दा रेशा रहित, पीले-भूरे रंग का और पकने पर तेज गंध वाला होता है। अन्य किस्म के आमों की तुलना में यह मीठा और मुलायम होता है। बीज का आकार छोटा एवं अंडाकार होता है। यह आम पकने पर भी हरा रंग बनाए रखता है, जबकि दूसरे आम पीले हो जाते हैं। लंगड़ा आम की ऊपरी परत काफी पतली होती है और इसमें हल्के रंध्र पाए जाते हैं, जिसमें सफेदपन होता है, जिसके चलते इसे दूधिया लंगड़ा आम भी कहा जाता है। आज भी बनारस के कंपनी गार्डन में लंगड़े आम का मदर ट्री को सरंक्षित किया गया है।

### नल से नहीं आता पानी, हैंडपंपों में लंबी कतार

# चकनार में गहराया जल संकट

## तेजी से सूख रहे गांव के तालाब, कुओं का जल स्तर घटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत चकनार में जल की समस्या गहरा गई है। पंचायत के वार्ड क्रमांक चार एवं पांच में यह समस्या काफी गंभीर हो गई है। यहां नल जल योजना संचालित है पर इन दोनों वार्ड के नलों में पानी पहुंचता ही नहीं है। वार्डवासी एक हैंड पम्प के सहारे पेय जल की आपूर्ति कर रहे हैं। सुबह होते ही हैंडपम्प में पानी भरने वालों की लंबी कतार लग जाती है।

ग्रामीणों ने बताया कि जैसे तैसे पेयजल की आपूर्ति किया जा रहा है पर निस्तारी के लिए कोई दूसरा विकल्प नहीं है जिससे पानी मिल सके। दोनों वार्ड में करीब तीन सौ से भी अधिक की आबादी है। यहां के लोगों की प्यास केवल एक हैंड पम्प के सहारे बुझ रही है। वार्ड में एक दो और हैंड पम्प है जिससे पानी नही निकलने की जानकारी मिली है।

कुआं का जल स्तर कम हो जाने से वह उपयोगी नही है। कुछ लोग बाड़ी में सब्जी उत्पादन भी करते हैं वह भी पानी की समस्या के कारण सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं।





### देशी फ्रीज से सजा बाजार, अक्ती पर बढ़ेगी मांग

गर्मी बढ़ने के साथ देशी फ्रीज कहे जाने वाले मिट्टी के घड़ा का मांग एवं बिक्री बढ़ गई है। ज्यादातर घरों में फ्रीज का उपयोग होना आम बात हो गई है फिर भी गर्मी के दिनों में घड़ा की मांग अधिक रहती है। कहा जाता है कि घड़ा के ठंडे पानी की मिठास बेहतर होती है। वर्तमान में घड़ा की कीमत अधिक है। कुम्हारों ने बताया कि घड़ा बनाने के लिए अच्छी क्वालिटी की मिट्टी कम मिलती है तथा मेहनत एवं इसे पकाने में लागत बढ़ गई है जिससे कीमत में इजाफा हो गया है। घड़ा वर्तमान में 50 से 100 रूपए तक में बिक रही है। अगामी 10 मई को अक्षय तृतीया पर्व मनाया जायेगा। पर्व पर घड़ा की मांग बढ़ेगी। इस पर्व पर जल भर कर घड़ा दान करने की परंपरा है। इस दिन से नया घड़ा में पानी पीना शुरु किया जाता है।



# हरा सोना की तोड़ाई शुरू, वनवासी उत्साहित

## खराब मौसम का असर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

वन विभाग के निर्देश के बाद गंड़ई समिति अंतर्गत जीराटोला, बगदूर, जंगलपुर, मगरकुंड़ सहित अन्य गांव में हरा सोना की तोड़ाई कार्य शुरु हो गया है।

गंड़ई, पैलीमेटा, ठाकुरटोला तीन समिति के माध्यम से तेंदूपत्ता की तोड़ाई किया जाता है। वर्तमान में गंड़ई समिति तेन्दूपत्ता संग्रह करने सक्रिय हो गया है। पैलीमेटा एवं ठाकुर टोला की समिति में भी एक दो दिनों में पत्ता तोड़ाई कार्य शुरु हो जाएगा। वनवासियों को इस बार 550 मानक सैकड़ा तथा 5500 रुपए मानक बोरा के हिसाब भुगतान प्राप्त होगा।

तेज धूप होने के कारण के सुबह पत्ता की तोड़ाई किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र के तेंदूपत्ता की गुणवत्ता पर मौसम का कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है। पत्ता की क्वालिटी बेहतर बताया जा रहा है। ठेकेदार के सुपरवाइजर, मैनेजर हरे सोने को संग्रहण के लिए उचित स्थान को चिन्हांकित कर व्यवस्था बना रहे हैं।

# सेवानिवृत्त प्राचार्य को विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

■ अतिथियों ने कार्यशैली को सराहा

उच्चतर माध्यमिक शाला के प्राचार्य प्रमोद सिंह ठाकुर के सेवानिवृत होने पर शाला परिवार एवं शाला प्रबंधन समिति ने कार्यक्रम आयोजित कर भावपूर्ण विदाई दी। व्याख्याता कमला कुलदीप एवं आशा शर्मा ने कविता प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रतिनिधि राधेश्याम हरमुख थे। उन्होंने प्राचार्य श्री ठाकुर का कार्यकाल को सराहनीय बताया। इस मौके पर थानेश्वर निषाद, चितरंजन निषाद, पवन सिंह, जयप्रकाश हरमुख, नरेश साहू, पोषण हरमुख, ज्ञानेश्वर हरमुख, जागेश्वर हरमुख, प्रेम साहू, विजय टांडेकर, प्रभारी प्राचार्य नीलिमा ठाकुर, नीलम सुखदेव, राधिका यादव, कमला कुलदीप, आशा शर्मा, कुलेश्वर यादव, पुरुषोत्तम दिल्लीवार, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष चारुलाता हरमुख, सरपंच विजय टांडेकर, नील कुमारी हरमुख, रवि हरमुख ने संबोधित किया।

### बच्चों के विकास के लिए शिक्षा विभाग की नई पहल

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन पर शिक्षा विभाग ने बच्चों का भविष्य सवारने के लिए समर कैंप का आयोजन किया है। समर कैंप में भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थी 6, 7 एवं 8 मई को पंजीयन करा सकते हैं। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम विद्यालय मोहला, मानपुर एवं अंबागढ़ चौकी में यह समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। पंजीकृत विद्यार्थियों के लिए 9 मई से 24 जून तक 15 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। समर कैंप के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विविध गतिविधियों पर आधारित प्रशिक्षण दिया जाएगा।

समर कैंप का का आयोजन सुबह 6 से 9 बजे तक होगा। समर कैंप में पंजीकृत बच्चों को योग शिक्षा, संगीत एवं नृत्य, पेंटिंग एवं ड्राइंग मेहंदी एवं हैंडीकाप्ट, स्पोकन इंग्लिश, खेल विद्या, कहानी-प्रसंग लेखन, कंप्यूटर शिक्षा दिया जाएगा।

# कार्यशाला में जल संरक्षण पर गहन मंथन

## जल संरक्षण और संवर्धन पर कार्ययोजना बनाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



कलेक्टर एस जयवर्धन की अध्यक्षता में भू-जल संरक्षण एवं संवर्धन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने कार्यशाला में अधिकारियों से कहा कि जनजीवन के लिए पानी की हर एक बूंद अमूल्य है। उन्होंने कहा कि जल की हर एक बुंद को सहेजना आवश्यक है। इस दिशा में भू-जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विशेष कार्य योजना बनाई जाने की जरूरत है। कलेक्टर ने अधिकारियों को विशेष कार्य योजना बनाते हुए भू जल संरक्षण व संवर्धन के लिए कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

जिला में भू-जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्य योजना निर्धारित किया गया है जिसके तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से मल्टीविलेज स्कीम अंतर्गत आने वाले पंचायत एवं जनपद पंचायत से पानी की समस्या वाले ग्राम पंचायतो का नाम दो दिवस के भीतर एकत्रित किया जाएगा। इन पंचायतों में भुईया सॉफ्टवेयर के माध्यम से शासकीय भूमि का चिन्हांकन किया जाएगा। उक्त पंचायतों में पूर्व से निर्मित तालाब, डबरी, कुआं, बोरवेल पक्के चेक डैम, लूज बोल्डर चेक डैम, अन्य समस्त जल संरक्षण संरचनाओं को निर्धारित मैप पर एवं जी आई एस मैप पर अंकित किया जाएगा। उक्त पंचायत में बोर एवं कुआं के माध्यम से ग्राउंडवाटर लेवल का सर्वे किया जाएगा। उक्त पंचायत में जीआईएस की मदद से फैक्चर जोन चिन्हित किया जाएगा। पूर्व से निर्मित संरचनाओं के गहरीकरण, मरम्मत सुधार की आवश्यकता अनुसार सर्वे एवं आंकलन किया जाएगा। चिन्हित शासकीय भूमि एवं फैक्चर जोन को ध्यान में रखकर नवीन संरचना जैसे तालाब, डबरी, कुआं, नाली, मिनी परकोलेशन टैंक शोकपिट, वृक्षारोपण का निर्माण हेतु प्रस्तावित किया जाएगा। उक्त पंचायत में यदि कोई ड्रेनेज लाइन नाला, बड़ा जल स्त्रोत है तो उनके आसपास पक्के चेक डैम, लूज बोल्डर चेक डैम, अन्य संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। उक्त पंचायत में ग्राउंडवाटर लेवल कम होने की स्थिति में दोहरी फसल नहीं ली जा सकेगी।

### कलेक्टर ने की समीक्षा

# समय पर कार्य करें पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में निर्माण कार्यों से संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिला खनिज न्यास निधि अंतर्गत स्वीकृत कार्यों, मुख्यमंत्री की घोषणा, नक्सल प्रभावित क्षेत्र के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों, आदिवासी विकास विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, शिक्षा विभाग, हाउसिंग बोर्ड, अनुसूचित जाति, जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण अंतर्गत कराये जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों से निर्माण कार्यों की वर्तमान वस्तु स्थिति के आधार पर सभी स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा क्षेत्र की जनता की मांग पर महत्वपूर्ण कार्यों को स्वीकृत किया गया है। स्वीकृत कार्यों के लिए राशि जारी किया गया है। सभी स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता के साथ समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।



### गुणवत्ता पर दें ध्यान

कलेक्टर ने बैठक में समीक्षा करते हुए कहा कि स्वीकृत निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें। निर्माण कार्यों में तकनीकी का अनुपालन करते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। स्वीकृत कार्यों की वर्तमान स्थिति, पूर्ण कार्य, अपूर्ण कार्य, अप्रारंभ एवं प्रगतिरत कार्य की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी क्षेत्र भ्रमण कर निर्माण कार्यों की स्थिति का आकलन करें। निर्माण कार्यों का मूल्यांकन उपरांत संबंधित कार्यों से रूबरू होकर प्राथमिकता के आधार पर कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि निर्माण कार्यों में जन अपेक्षा का विशेष ख्याल रखने कहा है। बैठक में संयुक्त कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, डिप्टी कलेक्ट अविनाश ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### किसानों को उपलब्ध कराएं खाद-बीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कृषि एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बैठक ली।

कलेक्टर ने अधिकारियों से आगामी खरीफ फसल के लिए विभागीय कार्ययोजना एवं तैयारी की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि क्षेत्र के किसानों के लिए कृषि ही एक मात्र आय का स्त्रोत है। उन्होंने उन्नत तकनीकी कृषि के लिए वृहद कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उन्नत तकनीकी कृषि के जरिए कृषकों के आमदनी में बढ़ोतरी किया जा सकता है। कृषि विभाग के मैदानी अमला के अधिकारियों को किसानों से भेंट कर उन्नत तकनीकी कृषि की जानकारी देने और समय-समय पर फसल चक्र परिवर्तन करने के अलावा धान के बदले अन्य वैकल्पिक फसलें लेने के लिए प्रोत्साहित करने कहा है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082



## खबर संक्षेप



### प्रधान आरक्षक सेवानिवृत

**राजनांदगांव।** प्रधान आरक्षक बी.महानंद के सेवानिवृत्ति होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर द्वारा शाल, श्रीफल एवं मोमेंटो भेंट कर विदाई दी गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रधान आरक्षक बी. महानंद के सेवानिवृत्ति होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर द्वारा शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर विदाई दी गई। इस अवसर पर पुलिस कार्यालय एवं रक्षित केंन्द्र के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### संत शिरोमणी सेन महाराज की जयंती कल

**राजनांदगांव।** नाई समाज के आराध्य गुरूदेव संत शिरोमणी श्री नंदा सेन महाराज की 724वीं जयंती रविवार को सुबह 9 बजे सेन धर्मशाला सहदेव नगर राजनांदगांव में जिला मातृशक्ति प्रकोष्ठ के नेतृत्व में जिला सेन समाज राजनांदगांव द्वारा धार्मिक पूजा, अनुष्ठान कर मनाया जाएगा। जिला मातृशक्ति महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष निशा श्रीवास ने कहा कि कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 9 बजे से सेन धर्मशाला में मातृशक्ति की अगुवाई में श्री सेन महाराज के मूर्ति का अभिषेक, पूजा, आरती तत्पश्चात पाठ और प्रसादी का कार्यक्रम किया जाएगा। जिला सेन समाज मीडिया संयोजक इन्द्रद्वीप हीरा सेन ने बताया कि राजनांदगांव ब्लॉक सर्व सेन समाज द्वारा आगामी 7 मई को ''ब्लॉक स्तरीय सेन जयंती'' रेवाडीह वार्ड क्र. 22 में आयोजित है। जिसकी शुरूआत सेन धर्मशाला सहदेव नगर से संस्कारधानी शहर में बाईक रैली द्वारा भ्रमण करते श्री बुढ़ादेव मंदिर भवन रेवाडीह वार्ड क्र. 22 आयोजन स्थल पहुंचेगा। उसके बाद सेन महाराज की पूजा, आरती, रामायण पाठ, अतिथि स्वागत, सम्मान, कार्यक्रम के साथ प्रीतिभोज प्रसादी का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी प्रेम सेन ने दिया।

### सहायता अनुदान राशि का पुर्नबंटन

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों एवं गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों के लिए 10 लाख रुपए की सहायता अनुदान राशि का अ आबंटन किया है। कलेक्टर ने सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिजनों को 25 हजार रुपए एवं गंभीर रूप से घायल होने पर 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता के लिए अनुविभागीय अधिकारियों को 10 लाख रुपए प्रत्यायोजित किया है। इसके अंतर्गत राजनांदगांव तहसील अंतर्गत 3 लाख 50 हजार रुपए, डोंगरगांव तहसील अंतर्गत 2 लाख रुपए, छुरिया तहसील अंतर्गत 2 लाख 50 हजार रुपए एवं डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत 2 लाख रुपए का आबंटन पुर्नबंटित किया गया है।

### सेवा भावना एवं समर्पित होकर करें कार्य : कलेक्टर

# शिक्षकों में समाज को बदलने की क्षमता



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने गुरुवार को डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बसंतपुर राजनांदगांव के सभागृह में ग्रीष्मकालीन प्रायोजना पर चर्चा तथा विभागीय अधिकारियों एवं प्राचार्यों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर अग्रवाल ने प्राचार्यों से कहा कि शिक्षक समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने की दिशा में सभी अपना योगदान दें। बच्चे हमारे देश का भविष्य है और आप सभी शिक्षक बच्चों का भविष्य गढ़ रहे हैं। शिक्षकों में ऐसी ताकत है, जो समाज को बदलने की क्षमता रखती है। बच्चों को अच्छे संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने भेजने हेतु उनका चिन्हांकन करें। आईटीआई, नीट, आईआईएम, नवोदय, केन्द्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, एलएलबी, खेलकूद एवं विभिन्न क्षेत्रों में उनका कैरियर बनाने ऐसे बच्चों को चिन्हांकित कर कोचिंग देने की आवश्यकता है। इन प्रयासों से अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने कहा कि कार्ययोजना बनाने संकुल की ओव्हनरशिप आज हस्तांतरित की गई है और सभी ने स्कूल को और बेहतर बनाने अपने सुझाव दिए हैं। जिले में एजुकेशन हब बन रहा है, इसके लिए बच्चों को चिन्हांकित करें और उन्हें यहां भेजें, ताकि उन्हें आवासीय सुविधा मिल सके और वे विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में आगे अच्छी पढ़ाई कर सकें। इस अवसर पर सहायक संचालक आदित्य खरे, सहायक संचालक बी संगीता राव, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे, जिला साक्षरता समिति रश्मि सिंह, एपीसी एमआर अंसारी, पीआर झाड़े, आदर्श वासनिक, केपी विश्वकर्मा, प्रणिता शर्मा सहित अन्य अधिकारी व प्राचार्य उपस्थित थे।

#### जिले में प्रतिभा की कमी नहीं

राजनांदगांव जिला शैक्षणिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण जिला है। देश के प्रख्यात साहित्यकार पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, गजानंद माधव मुक्तिबोध, डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र की कर्मभूमि रही है और यहां के विभिन्न स्कूलों में महान विभूतियों ने शिक्षा प्राप्त की है। राजनांदगांव जिले में प्रतिभा की कमी नहीं है। पढ़ाई, खेलकूद, व्यवसाय सभी क्षेत्रों में यह जिला आगे रहा है। यहां शैक्षणिक दृष्टिकोण से सभी मिलकर बहुत कुछ अच्छा कार्य कर सकते हैं।

#### पढ़ाई के लिए किया प्रोत्साहित

कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को एक सकारात्मक माहौल में पढ़ाएं। अगर आप अपनी जिम्मेदारी को खुशी के साथ करेंगे, तो थकेंगे नहीं। अपने कार्य को सेवा भावना एवं समर्पण के साथ करेंगे तो आत्मसंतुष्टि मिलेगी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के लिए यह आवश्यक है कि ऐसा माहौल होना चाहिए। जिसमें बच्चों की सफलता देखकर दूसरों को भी प्रेरणा मिले। उन्होंने कहा कि समाज ने हमें बहुत कुछ दिया है, समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने सामूहिक चर्चा, रिवीजन, ऑडियो-वीडियो के माध्यम से अवधारणा स्पष्ट करने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्कूलों में संपर्क डिवाईज के माध्यम से अध्यापन का कार्य किया जा रहा है। स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं के लिए सही तरह से मांग प्रस्तुत करें, ताकि मांग के अनुरूप बजट स्वीकृत हो सके। अधोसंरचना एवं सुविधाओं पर विशेष ध्यान देते कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी को सक्रियतापूर्वक, शैक्षणिक विषय को अद्यतन करने तथा स्वयं के विकास की नई संभावनाओं की तलाश करने कहा। इस दौरान ग्रीष्मकालीन प्रायोजना, परीक्षा परिणाम, वार्षिक अकादमिक कार्ययोजना पर चर्चा की गई। साथ ही छत्तीसगढ़ पोर्टल पर शिक्षकों व कर्मचारियों की जानकारी की प्रविष्टि, विभिन्न देयकों के भुगतान व मांग, शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेश की कार्रवाई, लंबित पेंशन निराकरण, सहित अन्य विषयों पर विभागीय समीक्षा की गई।

# अभिभावक व बच्चे प्रतिदिन एक घंटा करें आपसी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान प्रायोजना कार्य से घर पर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों एवं परिवारजनों को आवश्यक सुझाव दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 की समाप्ति के बाद आगामी 45 दिन अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। इन अवकाश के दिनों में बच्चे अभिभावकों एवं परिवारजनों के साथ ही रहेंगे और अवकाश में बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से प्रायोजना कार्य करवाया जाएगा। जिसके लिए परिवारजनों की सक्रिय सहभागिता की आवश्यकता है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए दिए गए आवश्यक सुझावों पर अभिभावकों एवं परिवारजनों से सहयोग की अपेक्षा की गई है।

#### अच्छे अनुभव बच्चों से करें साझा

कलेक्टर ने कहा कि बच्चों में परिवार के प्रति प्रेमभाव व लगाव तथा सामूहिकता की भावना विकसित करने अभिभावक बच्चों के साथ प्रतिदिन एक समय का भोजन अवश्य करें। निवास स्थान के निकटवर्ती प्राकृतिक स्थानों एवं प्राकृतिक संसाधनों से भी बच्चों को अवगत कराएं। जिससे बच्चे प्रकृति के अधिक निकट हो सकें और उनका सांसारिक विकास भी हो सके। अभिभावक एवं बच्चे प्रतिदिन एक घंटा मोबाईल से दूर रहकर आपसी चर्चा, उनके द्वारा किए जाने वाले कार्य और उसमें आने वाली चुनौतियों और जीवन के हर क्षेत्र में सफलता कैसे अर्जित करें, इस पर अपने जीवन के अच्छे अनुभव बच्चों से साझा करें। बच्चों को बड़े-बुजुर्ग, दादा-दादी, नाना-नानी के साथ अधिक से अधिक समय बिताने का अवसर प्रदान करें। जिससे बच्चे अपने बड़ों के जीवन के अनुभव से अच्छे सार ग्रहण कर सकें। अपने आसपास एवं जिले के सफल व अच्छे व्यक्तित्व के लोगों की जीवनी से बच्चों को अवगत कराएं। अभिभावक अपने बच्चों से मित्रता स्थापित करने का प्रयास करें और उनकी पसंद उनकी कमजोरियों, उनके भय को पहचानने का प्रयास करें और उसका अपने स्तर पर निदान करने का प्रयास करें। स्थानीय स्तर पर स्थानीय गीत, संगीत, कला से बच्चों को जोड़ने का प्रयास करें। प्रतिदिन कुछ समय खेलकूद, योग व ध्यान में देना बेहतर है। कलेक्टर ने कहा कि जिला शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को ग्रीष्मकालीन प्रायोजना कार्य उपलब्ध कराया जा रहा हैं। जिसमें अभिभावकों की सहभागिता बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगी। सुझावों का मुख्य उद्देश्य आगामी पीढ़ी का शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनका सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास भी करना है।

# परीक्षा परिणाम में छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

- मोहारा स्कूल के बच्चों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शासकीय प्राथमिक शाला मोहारा में 30 अप्रैल को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

कक्षा पहली में प्रथम गरिमा ठाकुर पिता तामेश्वर ठाकुर, द्वितीय भूमिका बोरकर पिता मुकेश बोरेकर, तृतीय रिया प्रजापति पिता चंद्रभान प्रजापति, कक्षा दूसरी में प्रथम दीपाली प्रजापति पिता उमेंद्र प्रजापति, द्वितीय भावीका निषाद पिता शत्रुघन निषाद, तृतीय गीतांजलि प्रजापति पिता जितेंद्र प्रजापति, कक्षा तीसरी में प्रथम भाग्यलक्ष्मी प्रजापति पिता बलदाऊ प्रजापति, द्वितीय अनुराधा देवांगन पिता अनिल देवांगन, तृतीय जागृति निषाद पिता कुंवरलाल निषाद, कक्षा चौथी में प्रथम पायल देवांगन पिता दीपक देवांगन, द्वितीय पियूष ठाकुर पिता तामेश्वर ठाकुर, तृतीय वरुण कुमार सोनकर पिता शिवकुमार सोनकर, कक्षा पांचवी में प्रथम लालिमा देवांगन पिता अरुण कुमार देवांगन द्वितीय दीया देवांगन पिता डिन्कु देवांगन, तृतीय आदित्य प्रजापति पिता शत्रुघ्न प्रजापति शामिल हैं।

कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक हरिराम साहू द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि अवधेश प्रजापति, अध्यक्षता रामूलाल प्रजापति, धनेश सोनकर, सोमेश मानिकपुरी, मीना सोनकर, लोकेश्वर सिंह साहू, सुनील साहू, भानु प्रताप साहू, डिगेश्वरी साहू, ठनेश्वरी साहू, कलिंद्री सोनकर आदि शामिल थे।

#### क्रीड़ा क्षेत्र में प्रतिभा चैम्पियन

अन्य क्षेत्र में सर्वाधिक उपस्थिति मालती निषाद पिता कुंवरलाल निषाद कक्षा पांचवी, क्रीडा क्षेत्र में प्रतिभा पड़ौती पिता अनिल पड़ौती कक्षा पांचवी चैम्पियन, चांदनी यादव पिता धनु यादव कक्षा पांचवी चैम्पियन, अनुशासन के क्षेत्र में ओमेश्वर निर्मलकर पिता शैलेश निर्मलकर कक्षा पांचवी, स्वच्छता में साधना प्रजापति पिता जितेंद्र प्रजापति कक्षा चौथी, रचनात्मक छात्रा आरोही जीत पराते पिता जीत पराते कक्षा चौथी सभी बच्चों को मेमोन्टो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# आयकर व वस्तु सेवाकर के टीडीएस कटौती के संबंध में हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

आयकर तथा वस्तु एवं सेवाकर के टीडीएस कटौती के संबंध में कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा के निर्देशानुसार कार्यशाला आयोजित हुई।

जिला कोषालय द्वारा आयोजित कार्यशाला मे आयकर, वस्तु और सेवाकर मे टीडीएस कटौती प्रावधान की जानकारी दी गई। अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर की मौजूदगी मे जिले के समस्त डीडीओ और उनके लेखापाल लिपिकों को आयकर अधिकारी टीडीएस उषा शैलेश और सहायक आयुक्त राज्यकर राजनांदगांव कविता ठाकुर द्वारा उपस्थित आयकर और जीएसटी कटौती के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में आयकर विभाग के अधिकारियों द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन द्वारा महत्वूर्ण बिन्दुओं से अवगत कराया गया वही उपस्थित लेखापाल लिपिकों द्वारा आयकर व टीडीएस से संबंधित विभिन्न प्रश्नो का निराकरण भी किया गया। टीडीएस को लेकर पंजीकरण की प्रक्रिया और मॉडयूल कैसे काम करता है जैसे विषयों के संबंध में जानकारी दी गई। आयकर अधिकारियों द्वारा आयकर में गड़बड़ी से नुकसान और उक्त कृत्य से सजा के प्रावधानों की जानकारी दी गई।

#### दी आवश्यक जानकारी

जिला कोषालय अधिकारी गिरीश कुमार देवांगन ने बताया कि ढाई लाख से अधिक के देयक पर जीएसटी कटौती करना और अगले माह के 10 तारीख के अंदर जीएसटी का रिटर्न दाखिल करना अनिवार्य है। अधिकारी कर्मचारियों के वेतन से प्रतिमाह औसत रूप से आयकर कटौती, फर्म और वेंडर की स्थिति में एक लाख से अधिक देयक पर अनिवार्य रूप से आयकर कटौती किया जाना है। कार्यशाला मे उपस्थित डीडीओ को उपरोक्तानुसार कारवाई सुनिश्चित किए जाने कहा गया।

# प्राचार्य टांडेकर सेवानिवृत्त



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर अपनी शासकीय सेवा पूर्ण करने के बाद 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो गए। वे दिग्विजय महाविद्यालय में दो साल चार माह प्राचार्य के रूप में पदस्थ रहे। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय में कार्य करना सुखद और चुनौतीपूर्ण रहा। उन्होंने वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अंजना ठाकुर को अपना प्रभार सौंपते उन्हें शुभकामनाएं दी। डॉ. टांडेकर की सेवानिवृत्ति पर महाविद्यालय स्टाफ द्वारा भव्य आयोजन के साथ उन्हें विदाई दी गई। इस अवसर पर स्टॉफ कॉसिल की ओर से अभिनंदन पत्र, शॉल, श्रीफल, अंगवस्त्र और उपहार भी प्रदान किए गए। विदाई समारोह में सभी प्राध्यापकों, कार्यालयीन स्टाफ, तृतीय व चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों तथा डॉ. टांडेकर के परिजनों की उपस्थिति रही।

# अब वैक्सीन पर स्पष्टीकरण दे सरकार

- सत्ता की चाह में जनहित से बेसुध तो नहीं डबल इंजन सरकार : रूपेश



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने भारत एवं छत्तीसगढ़ सरकार से आग्रह किया है कि कोरोना टीका कोविशील्ड के बारे में स्वयं निर्माता कंपनी द्वारा टीका के नकारात्मक पक्ष को स्वीकार किए जाने के बाद जो बातें सामने आ रही है। जिससे देश एवं प्रदेश की जनता भययुक्त जीवन जीने विवश है। अतः ऐसी स्थिति में केंद्र व राज्य सरकार को जिनको कोविशील्ड टीका लगा है, उनके जीवनरक्षा के लिए सरकार की क्या कार्ययोजना है, का स्पष्टीकरण जनता के सामने सार्वजनिक कर अपना राजधर्म निभाना चाहिए।

प्रदेश प्रवक्ता श्री दुबे ने कहा कि जिस कोरोना महामारी ने देश सहित पूरे विश्व को हिलाकर रख दिया था और जब टीका बनाने की बारी आई थी, तो भारत की पहचान विश्व गुरू के रूप में स्थापित की बातें हुई थी और अब वर्तमान समय में जिस प्रकार से कोरोना से बचाव के टीका कोविशील्ड के बारे में बातें सार्वजनिक हो रही है और यहां तक ब्रिटेन के न्यायालय में जो बातें सामने आई है। जिससे आम जनता जहां भययुक्त जीवन जीने विवश हैं। वहीं टीके की विश्वनीयता पर भी गंभीर प्रश्न उत्पन्न हो गए हैं, क्योंकि आज तक भारत देश में जितने भी टीके प्रचलन में है, उनकी गुणवत्ता विश्वसनीय पर कभी प्रश्न चिन्ह नहीं लगी है और इस टीके पर प्रश्न लगना गंभीर प्रशासनिक एवं चिकित्सकीय मापदंडों के साथ सरकार की कार्यप्रणाली पर शंका उत्पन्न करती है।

ऐसी दशा में डबल इंजन की सरकार को इस मामले पर अपना मौनव्रत तोड़कर तत्काल सार्वजनिक रूप से इस पर स्पष्टीकरण देकर जनता को भय और भ्रम से बचाने तथा दुष्प्रभाव से कैसे बचें, इसकी विस्तृत कार्ययोजना भी बताकर अपना राजधर्म निभाना चाहिए, नहीं तो यही माना जाएगा कि भाजपा अपनी सत्ता की चाहत में चुनावी सभाओं में लगे रहने के कारण जनहित से बेसुध हो गई है।

# सामूहिक कार्यक्रम जारी



**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन की ओर से एक अनोखी पहल करते आगामी पीढ़ी को संस्कार और अपनी भारतीय सभ्यता का परिचय कराते एक सामुहिक कार्यक्रम 01 मई से स्थानीय अग्रसेन भवन में आयोजित की जा रही है। इसमें अग्रवाल समाज के बच्चों को प्रारंभिक संस्कार से लेकर हिन्दू सभ्यता एवं संस्कृति का ज्ञान विशेष शिक्षा प्रणाली एवं विशेष शिक्षक के माध्यम से कराया जा रहा है। अध्यक्ष अंकुश अग्रवाल, सचिव तपन जिंदल, कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, सदस्य निंकुज सिंघल, अर्चित अग्रवाल, अंशिता, वसुधा अग्रवाल, सुरभि अग्रवाल, श्रुति अग्रवाल, विकास गोयल, निकीता अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। दिपाली ठक्कर, रूपाली गांधी, अतुल अग्रवाल एवं अग्रवाल समाज के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल द्वारा विशेष रूप से बच्चों को मार्गदर्शन एवं अच्छे भविष्य के लिए प्रेरणा दी।

### रेल यात्रियों को मिलेगा निःशुल्क जल

# रेलवे स्टेशन में निःशुल्क शीतल ठंडा जल वितरण सेवा का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




राजनांदगांव रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 में सेवा ही उद्देश्य को लेकर समर्पित संस्थाओं में मां गायत्री विद्या मंडल गायत्री परिवार, संत कंवरराम जल सेवा समिति, गौ सेवा रथ दो रोटी बाल रत्न मंच सेवा समिति एवं उदयाचल परिवार द्वारा संयुक्त पहल करते निःस्वार्थ शीतल ठंडा जल वितरण सेवा का उद्घाटन किया गया।

जल सेवा के संयोजक योगेश साहू, राहुल अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल, प्रतीक चोपड़ा व सतीश मोटलानी ने बताया कि 30 अप्रैल को स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक में निःस्वार्थ निःशुल्क शीतल ठंडा जल वितरण सेवा चलित प्याऊ का उद्घाटन मुख्य अतिथि पद्मश्री पुखराज बाफना ने की। अध्यक्षता राजेश बर्मन स्टेशन मास्टर ने की। अति विशेष अतिथि के रूप में बृजकिशोर सुरजन, विशेष अतिथि संतोष अग्रवाल, मनोज जैन, राजेंद्र बाफना, उपेंद्र यादव, राजेश शर्मा, रघुवीर सिंह भाटिया, राजकुमार शर्मा, सतीश भट्टा, विनोद रायचा, लोकेश अग्रवाल, रेखा पदम, तरुणा साहू, रंजन कुमार, प्रमोद यादव व जीआरपी स्टाफ मौजूद थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पद्मश्री पुखराज बाफना ने कहा कि चिलचिलाती दोपहरी में रेल यात्रियों को जनरल डिब्बे तक पहुंचकर निःशुल्क शीतल ठंडा जल उपलब्ध करा रहे हैं। बृजकिशोर सुरजन ने कहा कि जल सेवा से बड़ा और कोई पुण्य नहीं। राहुल अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल, रितेश यादव, दिनेश अग्रवाल, पीयूष शर्मा, लोकेश अग्रवाल, कैलाश गुप्ता, महेश शर्मा, मनीष यादव, रवि शर्मा, सतीश मोटलानी, बसंत मोटलानी, नितिन बाफना, प्रतीक चोपड़ा, मयंक अग्रवाल, अक्षय रायचा, शुभम पारख, अर्पित अग्रवाल, भावेश साहू सहित अन्य ने अपनी सहभागिता निभाई।

# 9 को मां भानेश्वरी जयंती का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

*सिंघोला दरबार की मां भानेश्वरी की जयंती साहू समाज द्वारा आगामी 9 मई को सिंघोला स्थित मिनी स्टेडियम में हर्षोल्लास से मनाई जाएगी।जिला साहू संघ के जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि आयोजन में अति विशिष्ट व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। जिसमें सुबह 7 बजे मां भानेश्वरी मंदिर प्रांगण सिंघोला से भव्य कलश के साथ मां भानेश्वरी की झांकी का भ्रमण, सुबह 10 बजे मां भानेश्वरी मंदिर में सम्मान एवं भेंट, सुबह 11 बजे मां भानेश्वरी की सामूहिक पूजा एवं ध्वजारोहण, दोपहर 12 बजे सामूहिक आदर्श विवाह कार्यक्रम, दोपहर 1.30 बजे अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन, दोपहर 3.30 बजे समाज के उत्कृष्ट कार्य समाज के गौरव एवं अतिथियों का सम्मान किया जाएगा।*

# कचरा निपटान प्रक्रिया में लाए तेजी

### आयुक्त ने नवागांव टेचिंग ग्राउंड का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता कचरा निपटान का जायजा लेने बुधवार सुबह नवागांव टेंचिंग ग्राउंड पहुंचे और सभी मशीनें दुरूस्त रख शीघ्रता से कचरा निपटान करने के निर्देश तकनीकी एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए।

टेंचिंग ग्राउंड में कचरा निपटान करने की विभिन्न प्रक्रियाओं का आयुक्त श्री गुप्ता ने जायजा लेकर अधिकारी-कर्मचारियों व मशीनों के संबंध में जानकारी ली। स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके ने जानकारी दी कि बेलिंग फटका मशीन में अनुपयोगी प्लास्टिक को प्रोसेस कर सीमेंट प्लाट भेजने बंडल तैयार किया जा रहा है। डंप कचरा दो छन्नी मशीन से खाद व प्लास्टिक अलग किया जा रहा है, कम्पोस्ट मशीन में गीला कचरा खाद तैयार करने डाला जा रहा है। लगभग 2 माह की प्रक्रिया से खाद तैयार किया जाता है।

आयुक्त गुप्ता ने कहा कि कचरा निपटान प्रक्रिया में तेजी लाएं, पोकलेन, जेसीबी व सभी मशीनें दुरूस्त रखे। जिससे कार्य में रूकावट न आए। सभी कर्मचारी उपस्थित रहकर निर्धारित समय तक ईमानदारी से कार्य करें। इसके अलावा ठेकेदार को भी कचरा निपटान जल्द करने निर्देशित करें। जिससे सभी कचरे का समुचित रूप से निपटान हो सके। उन्होंने कहा कि आगामी बरसात में खेती-किसानी व उद्यान के लिए खाद की आवश्यकता होगी, जिसे ध्यान में रखकर किसानों तथा फार्म हाउस संचालकों से संपर्क कर खाद का विक्रय करें।

इस अवसर पर सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल, उपअभियंता सुषमा साहू, अशोक देवांगन व अनुप पांडे, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, मिशन क्लीन सिटी सहायक प्रभारी पवन कुर्रे, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी व प्र. पटवारी मिलिन्द रेड्डी व स्वास्थ्य अमला उपस्थित थे।

## पुलिस जांच के बीच रोजाना कट रहे हैं फर्जी संघ का फर्जी रसीद

# परिवहन संघ की पुलिस ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

विगत साढे 3 सालों से जिला परिवहन संघ के नाम पर जाली दस्तावेज एवं कूट रचना के बल पर चल रहे लोह अयस्क परिवहन संघ का काले कारनामों की जांच एसपी के निर्देश में एडिशनल एएसपी मयंक गुर्जर की टीम ने जांच प्रारंभ कर दी है। मोहला मानपुर परिवहन संघ का नाम बदलकर फर्जी तरीके से जिला परिवहन संघ चला रहे , तथाकथित जिला परिवहन संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव तथा कोषाध्यक्ष अध्यक्ष मिलकर लौह अयस्क के खदान में परिवहन के नाम पर लाखों रुपए पचा देने का मामला सामने आया है।



मिली जानकारी के अनुसार जिले के एकमात्र लौह अयस्क खदान पल्लेमाडी खडगांव में मोहला मानपुर परिवहन संघ का पंजीयन कराया गया तीन बार चुने हुए कार्यकारिणी के साथ सुचारू रूप से परिवहन संघ संचालित थी। 3 जनवरी 2021 को परिवहन संघ की चौथी कार्यकारिणी में परिवहन संघ का अध्यक्ष नवल मंडावी सरपंच हथरा सरपंच संघ अध्यक्ष, उपाध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि बालचंद कोरेटी, कोषाध्यक्ष पूर्व सरपंच सरोली मन्नू लाल राना, सचिन प्रकाश कोमरे मुरार गोटा निवासी को पदाधिकारी चुना गया जिन्होंने पंजीकृत संघ का नाम बदलते हुए जिला परिवहन संघ कर दिया। चारों पदाधिकारियों ने अपने मुताबिक नाम देते हुए खुद के द्वारा बनाए गए बनाए गये नियमों के अनुसार परिवहन संघ में जुड़े आयरन कोर के ट्रक संचालकों से लोहा परिवहन के हर ट्रिप का रुपय वसूली कर अपने पास रखने के साथ साथ परिवहन संघ में नए मेंबरों की सदस्यता के नाम पर प्रत्येक मेंबरों से 20 से 25 हजार रुपए वसूली की गई । यह सिलसिला सालों साल चलते रहा इधर लोह अयस्क खदान से ट्रांसपोर्टिंग के नाम पर इनके द्वारा लाखों रूपयो को मिल बाट के पच्चा लिए जानें को लेकर मामला सामने आया है जिसके शिकायत उपरांत मामले की जांच पुलिस विभाग ने शुरू कर दी है।

### घर-घर पहुंच रहे हैं

शिकायत उपरांत एसपी वाईपी सिंह के निर्देश में आईपीएस अफसर एडिशनल एएसपी मयंक गुर्जर की टीम संपूर्ण मामले की बिंदुवार जांच कर रही है इधर मामले से बचने फर्जी जिला परिवहन संघ के सदस्य शिकायतकर्ताओं के घर पहुंच कर शिकायत वापस लेने दबाव बनाते हुए हस्ताक्षर ले रहे हैं।

### होगी कार्रवाई

संपूर्ण मामले की बिंदुवार जांच की जा रही है, दोषी बक्से नहीं जाएंगे।

- **मयंक गुर्जर** एडिशनल एएसपी मोहला

### बना लिए फर्जी परिवहन संघ

मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के लोह अयस्क खदान पल्लेमाडी माइंस के आयरन कोर के ट्रांसपोर्टिंग के नाम पर गठित जिला परिवहन संघ का बैंक में खाता नहीं है ना ही कैश बुक और ना ही पंजीयन है। फर्जी परिवहन संघ के अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष, सचिव, तथा कोषाअध्यक्ष चारों सदस्यों ने मिलकर रजिस्टर्ड मोहला मानपुर परिवहन संघ का नाम बदलते हुए जिला परिवहन संघ कर दिया और मोहला मानपुर परिवहन संघ के पंजीयन क्रमांक को अपने दस्तावेजों में अंकित कर अब तक लाखों रुपए मिल बाट कर पच्चा लिए।

### साढ़े तीन सालों का हिसाब नहीं

सदस्यों ने बताया कि मोहला मानपुर परिवहन संघ के नाम से विधिवत रजिस्ट्रेशन है जिसे कूट रचना और फर्जी दस्तावेजों के बल पर चारों पदाधिकारियों ने जिला परिवहन संघ का नाम दे दिया है और मोहला मानपुर परिवहन संघ का पंजीयन क्रमांक अपने फर्जी संघ के दस्तावेजों में अंकित कर परिवहन संघ में नए सदस्यों के मेंबरशिप के लिए 20 से 25 हजार तथा प्रत्येक लोडिंग के नाम पर पर्ची की राशि हजम कर गए जिसका कोई भी हिसाब किताब नहीं है और यह राशि 50 लाख से भी ऊपर बताई जा रही है।

## पेंडरी में अंतर्राष्ट्रीय दिव्य कबीर सत्संग आज



**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी में कल 4 मई को शाम 5 बजे से अध्यात्मिक दिव्य सदगुरु कबीर सत्संग भजन एवं आरती पूजा का आयोजन सामूहिक भक्तों द्वारा रखा गया है। परम पूज्य महात्मा श्री लेखचंद साहेब के सानिध्य में अध्यात्मिक दिव्य सदगुरु कबीर सत्संग भजन की आयोजन रखा गया है। साथ ही विगत माह फरवरी में अंतर्राष्ट्रीय सदगुरु कबीर सत्संग एवं मूर्ति प्रतिष्ठा का आयोजन रखा गया था। जिसमें विशेष सहयोग करने वाले भक्तों का सम्मान किया जाएगा। यह जानकारी सदगुरु कबीर आश्रम पेंडरी के अध्यक्ष फलेश कुमार साहू ने दी है।

## सेन समाज की बैठक आयोजित



**राजनांदगांव।** सुरगी-सिंघोला परिक्षेत्र की आवश्यक बैठक ग्राम मोखला में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष के चारो पदों का चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष निर्मल सेन पार्री, उपाध्यक्ष अनिरुद्ध कौशिक बूचीभरदा, सचिव प्रेमलाल सेन उसरीबोड एवं कोषाध्यक्ष अशोक सेन उसरीबोर्ड, क्षेत्रीय प्रभारी जगदेव सेन बेलटिकरी, संगठन प्रभारी विनोद श्रीवास सुरगी एवं छबिलाल सेन मोखला, संयोजक शेषनारायण सेन जंगलेसर, मुख्य सलाहकार खोमलाल सेन जंगलेसर, नोहरलाल कौशिक भोथीपार, केशव सेन संबलपुर, संरक्षक मंडल नीलम सेन, दुर्वासा सेन, रामकुमार सेन, दिलीप श्रीवास, गौतम सेन, रोहित सेन, कृष्ण कौशिक, गोविंद सेन, कोमनलाल सेन, सहसचिव चुन्नीलाल श्रीवास मोहड को नियुक्त किया गया है। राजनांदगांव जिला सेन समाज के जिला सचिव लोकेश कुमार सेन द्वारा चुनाव संपन्न किया गया है।

### एक दिवसीय मसीही महिला सम्मेलन का आयोजन



**राजनांदगांव।** वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्कूल कैम्पस राजनांदगांव के तत्वावधान में 01 मई को एक दिवसीय मसीही महिला सम्मेलन का आयोजन स्थानीय वेसलियन स्कूल ऑडिटोरियम में हुआ। इसमें जिले एवं अन्य जिलों से 15 कलीसियाई चर्चों ने हिस्सा लिया। जिसमें वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्टेशन रोड राजनांदगांव, वेसलियन चर्च डोंगरगांव, जॉन बेपटिस्ट चर्च, रहोबोत चर्च, वेसलियन चर्च चौकी, मेनोनाईट चर्च राजनांदगांव, प्रार्थना भवन राजनांदगांव, वेसलियन चर्च, भिलाई जीवनदायक सेवकाई छुरिया, वेसलियन चर्च डोंगरगांव, चिचोला, एजी चर्च पनेका रोड आदि लगभग 200 महिला सदस्यों ने हिस्सा लिया।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता सेविका वीणादास (भिलाई) द्वारा संदेश दिया गया। तत्पश्चात विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन (गीत-संगीत, तत्कालिक भाषण, बाईबल क्विज, बाईबल की झलकियां) किया गया। वेसलियन चर्च स्कूल कैंपस की महिला सभा की अध्यक्ष महिमा रंजन, उपाध्यक्ष कीर्ति हेमरोम, सचिव कुमुदिनी डेविड, कोषाध्यक्ष साधना विल्सन, सलाहकार किरण लाल एवं समस्त महिला सभा सदस्यों द्वारा इस द्वितीय सम्मेलन को सफल बनाने में अपना भरपूर योगदान दिया। प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में डॉ. मोन अब्राहम, मर्सी अब्राहम, शैलू अब्राहम, अजय एलेक्जेंडर, रवि वांडे, टेरेश गंजबोइर, पुरषोत्तम, कुलदीप एवं मोजेस लाल ने सेवांए दी। आयोजन को सफल बनाने वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्कूल कैम्पस के पाजबान बलराम टंडन ने आभार व्यक्त किया।












आगजनी: मध्यप्रदेश से कटहल लेकर छत्तीसगढ़ आ रहा था ट्रक

# चलते ट्रक में लगी भीषण आग, बाल-बाल बचा चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भीषण गर्मी के इस सीजन में जिले के थाना क्षेत्रों से लगातार चलते वाहनो में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही है। एक अनुमान के मुताबिक अप्रैल के शुरूआती दिनो से लेकर अभी तक जिले से इस तरह की करीब चार घटनाएं सामने आ चुकी है।

ताजा घटना जिले के पोड़ी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम प्रभाटोला से सामने आई है। जहां गुरूवार की रात एक चलते ट्रक में भीषण आग लग गई। बताया जाता है कि ट्रक कटहल लेकर मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ की तरफ आ रहा था। इसी दौरान पोंड़ी पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम प्रभाटोला के पास अचानक ट्रक में आग लग गई और कुछ ही देर में पूरा ट्रक आग की लपटों से घिर गया।

ट्रक चालक को इसकी भनक लगते ही उसने जलते ट्रक से कूद कर अपनी जान बचाई। बाद में घटना की जानकारी पोंड़ी पुलिस तथा दमकल अमले को दी गई। पुलिस तथा दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर जैसे तैसे आग पर काबू तो पा लिया, लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता ट्रक और ट्रक में भरा कटहल जलकर खाक हो चुका था। इसे गनीमत ही कहें की कोई जनहानि नहीं हुई।



### लगातार सामने आ रही वाहनों में आग लगने की घटनाएं

यहां बताना लाजिमी होगा कि इस तरह से चलते वाहनो में आग लगने की घटनाएं जिले से लगातार सामने आ रही है। अभी कुछ दिन पहले ही ग्राम दशरंगपुर में दो ट्रकों की आपस में भिडंत के बाद एक ट्रक में भीषण आग लग गई थी और ट्रक में भरा गेंहू तथा ट्रक खाक हो गए थे। इससे पूर्व कवर्धा पंडरिया मार्ग में सड़क निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार के चलते वाहन में आग लग गई थी। ऐसी ही घटना पिपरिया थाना क्षेत्र में घट चुकी है।

# न एक्सपायरी डेट, न जांच, जमकर बिक रहा बोतल बंद पानी व पावउच



■ विभागीय अधिकारियों ने भारी लापरवाही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

भीषण गर्मी व तेज धूप से जन जीवन प्रभावित व अस्त व्यस्त है। इस भीषण गर्मी-उमस व तेज धूप से जिले में ठंडे पानी का चलन बढ़ गया है, लेकिन पानी की जांच व गुणवत्ता को लेकर जिले के विभागीय अधिकारी सुस्त नजर आ रहें हैं। पीएचई विभाग व खाद्य औषधि शासन प्रशासन की टीम अभी तक पानी का सैंपल नहीं ले पाई है। हालांकि जहां पानी का प्लांट है, वहां पर अभी तक टीम ने दस्तक नहीं दी है। ऐसे में यह लापरवाही लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। बड़े शहरों की तर्ज पर अब जिले में भी जगह-जगह मिनरल वाटर ठंडे पानी का कारोबार जोर शोर से किया जा रहा है। बंद बोतल व पानी पावउच में ठंडा व मिनरल वाटर देने के नाम पर खेल चल रहा है। न जांच न माप, बिना किसी लैब जांच के सीधे बोर के पानी को ठंडा कर बेचा जा रहा है, जिसे लोग पीकर बीमार भी पड़ सकते हैं। दुकानों में बिक रहे पानी पावउच में सबसे ज्यादा दिक्कत है। कई कंपनियों ने पानी पावउच की पैकिंग व एक्सपायरी तिथि का जिक्र नहीं किया है। लोग इसे खरीदकर पी रहे हैं, इस भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए दिनों में लोगों को ठंडा पानी चाहिए, इसलिए डिमांड अधिक रहती है।

### गर्मी व शादी सीजन में ज्यादा डिमांड

ठंडा व आरओ पानी की मांग शादी सीजन व तेज गर्मी व उमस में ज्यादा रहती है। शहर में भी चील्ड वाटर का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। घर-घर व दुकानों में भी पानी की सप्लाई हो रही है। हालांकि कई कंपनी पानी की बराबर जांच करवाती हैं, वहीं कई लापरवाही बरतते हैं। अब ऐसे लोगों पर विभाग की नजर है, जो लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करेंगे, उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# भगतपुर स्कूल में जन जागरुकता बैठक आयोजित

**हरिभूमि कोलेगांव।** शासकीय हाई स्कूल भगतपुर में परीक्षा परिणाम घोषित के पहले छात्र छात्राओं में तनाव को दूर करने के विषय पर शिक्षको एवं पालको का बैठक आयोजित किया गया। जिसमें शिक्षक, पालक गण व छात्र छात्राएं उपस्थित थें। इस बैठक में विद्यालय के संस्था प्रमुख द्वारा परीक्षा परिणाम के तनाव के संबंध में बताया गया कि विद्यार्थी जब तनाव में होते हैं तो वह अकेला रहना, गुमशुम रहना, चिड़चिड़ापन, खाने पीने में ध्यान नहीं देना आदि लक्षण हो सकते है, इन सारी बातों को ध्यान में रखते हुए पालकों को अपीलकर अपने पाल्य को लगभग 15 दिवस तक विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। साथ ही अपने बच्चों की तुलना अन्य बच्चों से नहीं करना, जो भी परिणाम आए उससे संतुष्ट होना है, सहानुभूति पूर्वक बच्चों की समझाना है कि यह जीवन की अंतिम परिणाम नहीं ऐसे बहुत सारे महान लोग हुए हैं जो जीवन में कई बार असफल हुए हैं जो कड़ी मेहनत कर सफलता हासिल किए हैं। शिक्षक एवं पालकों ने भी उपस्थित बच्चों को परीक्षा परिणाम के तनाव को दूर करने के उपायो बारिकी से समझाने का प्रयास किया। इस बैठक में संस्था प्रमुख रामकुमार कौशिक, जोधन प्रसाद चंद्रवंशी व्याख्याता एवं पालक अनंतराम चंद्रवंशी, संतोष यादव, राधे साहू सहित पालक गण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



# कंझेटा स्कूल में तनाव प्रबंधन कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंझेटा में आगामी बोर्ड परीक्षा परिणाम से पूर्व परीक्षा में असफल या कम अंक लाने वाले विद्यार्थी और उनके माता-पिता को तनाव व निराशा से बचाने हेतु विद्यालय में 30अप्रैल को परीक्षा परिणाम सह पालक टीचर मीटिंग आयोजित किया गया। उक्त दिवस में बताया गया कि छात्र छात्राओं, पालकों को जन जागरूक करने हेतु दक्षता विकास-पालक शिक्षक मीटिंग आयोजित किया गया, ताकि किसी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सार्थक प्रयास किया जा सकें। यह बात माता-पिता और बच्चो तक पहुंचने का प्रयास किया गया कि परीक्षा परिणाम आशा अनुरूप न होना जीवन का कोई अंतिम प रि णा म (रिजल्ट) नही है। हमारे सम्मुख बहुत से उदाहरण है जिन्होंने शिक्षा के दौरान अच्छा प्रदर्शन नही किया किंतु जीवन में अत्यंत सफल रहे। तनाव ग्रसित बच्चे के लक्षण है मौन रहना, अकेलेपन, गुमसुम रहना, किसी काम में मन नही लगना, चिड़चिड़ापन, भूख नही लगना इत्यादि।



# जैतपुरी-रामचुआ में अंतर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस मना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बाल योग शाला ग्राम जैतपुरी-रामचुवा के योग साधकों ने अंतर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस पर सामूहिक वृहद यज्ञ का आयोजन प्रतिवर्षोनुसार की भांति इस वर्ष भी आर्य समाज द्वारा 3 मई को अंतर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस के रूप में मनाया गया। प्राचीन ऋषि मुनियों से लेकर रामायण तथा महाभारत काल में और वर्तमान में भी यज्ञों का प्रचलन सर्व विदित है।

पतंजलि योग समिति जिला जिला यज्ञ प्रभारी हरिराम साहू ने लोगो को यज्ञ के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया की यज्ञ पद्धति पूर्णतः वैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसमें आडंबर, ढोंग और अवैज्ञानिक व तर्क विहीन बातों का कोई स्थान नहीं है। यज्ञ मात्र कर्मकांड की वस्तु नहीं है अपितु बहुमुखी चिकित्सा पद्धति भी है। उन्होंने बताया की पर्यावरण को संतुलित रखने, जलवायु को शुद्ध करने तथा ग्लोबल वार्मिंग को कम करने का एक सर्वश्रेष्ठ माध्यम यज्ञ है।

यज्ञ का उल्लेख वेदों और शास्त्रों में देखने को मिलता हैं, इसलिए घर-घर यज्ञ हर घर यज्ञ के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही साथ अपने आस-पास के वातावरण को शुद्ध रखने के लिए और उत्तम स्वास्थ के लिए बाल योग शाला ग्राम जैतपुरी के योग साधकों ने जड़ी बूटियों एवं गाय की घी से विशेष आहुतियां दी गई। इस बीच योग प्रशिक्षक हरिराम साहू, धर्मेंद्र श्रीवास, रेणुका, जीतेश, वैदिका, गोपी, यज्ञार्थ, तोकेश सहित बाल योग साधक गण उपस्थित थें।

# बोर्ड परीक्षा परिणाम से तनावमुक्त करने बैठक आयोजित

■ तनाव के कारण होने वाले अवसाद के लक्षणों की पहचान के संबंध में विविध जानकारी दी गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

शासकीय हाई स्कूल बरबसपुर में विद्यार्थियों के मन में उत्पन्न निराशा एवं तनाव को दूर करने के लिए चर्चा परिचर्चा बैठक आयोजित किया गया। जिस पर शिक्षकों व पालकों एवं बच्चों को मार्गदर्शन एवं सकारात्मक सोच की समझाइश दी गई।

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा चारों विकासखंडों के प्राचार्यों का बैठक आयोजित किया गया, इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू, सहायक संचालक द्रय एमके गुप्ता, यूआर चन्द्राकर एवं श्री यदु ने परीक्षा परिणाम से तनाव के कारण होने वाले अवसाद के लक्षणों की पहचान के संबंध में जानकारी दी गई। इसी तारतम्य में शासकीय हाई स्कूल बरबसपुर में शुक्रवार को पलकों, शिक्षकों व छात्र छात्राओं के बीच चर्चा परिचर्चा का आयोजन किया गया।

जिस पर प्राचार्य लक्ष्मण मिरी द्वारा पालकों को संबोधित करते हुए कहां कि वर्तमान समय में हमे बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखना चाहिए ताकि वे अपनी परेशानियों को सहज होकर हमसे कह सकें, हमे अपने बच्चों से संवाद बनाएं रखना चाहिए। स्कूल के शिक्षकों से बच्चों के संबंध में संवाद स्थापित कर पढ़ाई की जानकारी लेनी चाहिए, साथ ही छत्तीसगढ़ शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित पूरक-अवसर परीक्षा के संबंध में विस्तृत चर्चा किया गया। व्याख्याता वर्षा सोनी ने कहां की विषय चयन करते समय शिक्षकों या विषय विशेषज्ञों से चर्चा कर लेनी चाहिए एवं बच्चों की रुचि का विशेष ध्यान देना चाहिए।

सीमा वर्मा, कामना श्रीवास्तव व्याख्याता ने कहां कि जो निरंतर अभ्यास करता सफलता उसी को हासिल होती है, विषय अपना अपना महत्व रखते है इसलिए सभी को समान महत्व देते हुए मेहनत करनी चाहिए तभी सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर बेदू टंडन, चंद्रकांत, दिनेश पटेल, मेलूराम पटेल, जेठू बंजारे, अजय श्रीवास्तव, लक्ष्मण पटेल सहित पालक गण व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

## बैठक ...



**बरबसपुर।** बोर्ड परीक्षा परिणाम से तनावमुक्त करने हेतु पालक-शिक्षक का बैठक आयोजित कर चर्चा परिचर्चा की गई।

# धनौरा में परीक्षा परिणाम घोषित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय धनौरा संकुल मरका में सत्र 2023-24 का परीक्षा परिणाम अध्यक्ष गुलाबचंद साहू की उपस्थिति में प्रधान पाठक बिरेन्द्र चंद्रवंशी के द्वारा घोषित किया गया। सभी विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शानदार व अच्छा एवं सराहनीय रहा। सभी विद्यार्थियों को बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया। जिसमें कक्षा 8वीं से छात्रा टिकेश्वरी साहू, शिवरानी साहू, भारती साहू, जासमीन साहू, अखिलेश्वरी निषाद, संजू निषाद, का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट व शानदार रही। वहीं कक्षा 7वीं से छात्रा कशिश खाण्डे, पूजा पाल, स्वाती खाण्डे, काजल साहू का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। साथ ही साथ कक्षा 6वीं की परीक्षा परिणाम जिसमें मयंक यादव, यूनिता साहू, उत्तम साहू, राजेश्वर निषाद उत्कृष्ट रहा। जिस पर प्रधान पाठक बिरेन्द्र चंद्रवंशी, शिक्षक नरेन्द्र सर्वे, भूपेन्द्र चंद्रवंशी, रामगुलाम पटेल व यशवंत साहू नें छात्र छात्राएं को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

वनमण्डलाधिकारी ने तेन्दूपत्ता संग्रहण संबंधित समस्त पहलुओं की विस्तृत समीक्षा

# तेन्दूपत्ता संग्रहण का ऑनलाइन भुगतान संबंधित प्रशिक्षण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के अंतर्गत लगभग 40100 मानक बोरा तेन्दूपत्ता माह मई में प्रतिवर्ष संग्रहण किया जाता है। इसमें 35 हजार वनवासियों को लगभग 22 करोड़ रूपए एक माह की अल्प अवधि में प्राप्त होते है। 30 अप्रैल को जिले के समस्त प्रबंधको तथा पोषक अधिकारी को संघ मुख्यालय द्वारा ऑनलाईन भुगतान की प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के पश्चात वनमण्डलाधिकारी कवर्धा द्वारा समस्त कर्मचारियो को निर्देशित किया गया कि वनवासियों को संग्रहण पश्चात 03 दिन के अंदर राशि भुगतान करें। ग्रामीणो का खाता ऑनलाईन है अथवा नही इसकी जांच करें तथा कही त्रुटि है तो उसे तत्काल सुधार कराएं।

वनमण्डलाधिकारी द्वारा तेन्दूपत्ता संग्रहण संबंधित समस्त पहलुओ की विस्तृत समीक्षा की तथा पाया कि समस्त 263 तेन्दूपत्ता संग्रहण केन्द्रो पर फड़मुंशी, फड़ अभिरक्षक की ड्यूटी लगा दी गई है। 19 पोषक अधिकारी तथा 07 गुणवत्ता अधिकारी, 03 जोनल अधिकारी की नियुक्ति कर दी गई है। सीमा पर बैरियर लगा कर तेन्दूपत्ता को अन्य जिलो में जाने से रोकने के निर्देष दिए। तेन्दूपत्ता की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की समझाइस देते हुए वनमण्डलाधिकारी ने कहा कि इससे ग्रामीणों को बोनस अधिक प्राप्त होगा।

तेन्दूपत्ता के अतिरिक्त चार गुठली, महुआ गुठली तथा शहद का अधिक से अधिक संग्रहण कर ग्रामीणो की आय में वृद्धि करने के निर्देश दिएं साथ ही साथ संग्रहण दरों का विस्तृत प्रचार-प्रसार करें। वनमण्डलाधिकारी ने कहा कि शासन ने इस वर्ष तेन्दूपत्ता संग्रहण दरों में वृद्धि की है। रूपए 4 हजार प्रति मानक बोरा के स्थान पर रूपए 55 सौ मानक बोरा दिया जाना है। इसी प्रकार चिरौजी गुठली की दर की 200 रूपए प्रति किलो से बढ़ाकर 350 रूपए कर दी गई है। समस्त वनोपजों तथा तेन्दूपत्ता दरों का विस्तृत प्रचार, मुनादी, दीवार लेखन कर करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण का निरीक्षण करने पहुंचे पदेन मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय के अधिकारी प्रशिक्षण सुचारू रूप से संचालित हो इस हेतु मुख्य महाप्रबंधक व मुख्य वन संरक्षक कार्यालय दुर्ग के अधिकारी सुनील राठौर उप प्रबंधक व गोदाम प्रभारी आनंद राव नायडू भी प्रशिक्षण के समय उपस्थित थें।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

ज्योतिषी
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा, पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ाने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## सेवा भावना एवं समर्पित होकर करें कार्य : कलेक्टर

# शिक्षकों में समाज को बदलने की क्षमता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने गुरुवार को डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बसंतपुर राजनांदगांव के सभागृह में ग्रीष्मकालीन प्रायोजना पर चर्चा तथा विभागीय अधिकारियों एवं प्राचार्यों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर अग्रवाल ने प्राचार्यों से कहा कि शिक्षक समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने की दिशा में सभी अपना योगदान दें। बच्चे हमारे देश का भविष्य है और आप सभी शिक्षक बच्चों का भविष्य गढ़ रहे हैं। शिक्षकों में ऐसी ताकत है, जो समाज को बदलने की क्षमता रखती है। बच्चों को अच्छे संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने भेजने हेतु उनका चिन्हांकन करें। आईटीआई, नीट, आईआईएम, नवोदय, केन्द्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, एलएलबी, खेलकूद एवं विभिन्न क्षेत्रों में उनका कैरियर बनाने ऐसे बच्चों को चिन्हांकित कर कोचिंग देने की आवश्यकता है। इन प्रयासों से अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने कहा कि कार्ययोजना बनाने संकुल की ओव्हनरशिप आज हस्तांतरित की गई है और सभी ने स्कूल को और बेहतर बनाने अपने सुझाव दिए हैं। जिले में एजुकेशन हब बन रहा है, इसके लिए बच्चों को चिन्हांकित करें और उन्हें यहां भेजें, ताकि उन्हें आवासीय सुविधा मिल सके और वे विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में आगे अच्छी पढ़ाई कर सकें। इस अवसर पर सहायक संचालक आदित्य खरे, सहायक संचालक बी संगीता राव, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे, जिला साक्षरता समिति रश्मि सिंह, एपीसी एमआर अंसारी, पीआर झाड़े, आदर्श वासनिक, केपी विश्वकर्मा, प्रणिता शर्मा सहित अन्य अधिकारी व प्राचार्य उपस्थित थे।

### जिले में प्रतिभा की कमी नहीं

राजनांदगांव जिला शैक्षणिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण जिला है। देश के प्रख्यात साहित्यकार पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, गजानंद माधव मुक्तिबोध, डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र की कर्मभूमि रही है और यहां के विभिन्न स्कूलों में महान विभूतियों ने शिक्षा प्राप्त की है। राजनांदगांव जिले में प्रतिभा की कमी नहीं है। पढ़ाई, खेलकूद, व्यवसाय सभी क्षेत्रों में यह जिला आगे रहा है। यहां शैक्षणिक दृष्टिकोण से सभी मिलकर बहुत कुछ अच्छा कार्य कर सकते हैं।

### पढ़ाई के लिए किया प्रोत्साहित

कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को एक सकारात्मक माहौल में पढ़ाएं। अगर आप अपनी जिम्मेदारी को खुशी के साथ करेंगे, तो थकेंगे नहीं। अपने कार्य को सेवा भावना एवं समर्पण के साथ करेंगे तो आत्मसंतुष्टि मिलेगी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के लिए यह आवश्यक है कि ऐसा माहौल होना चाहिए। जिसमें बच्चों की सफलता देखकर दूसरों को भी प्रेरणा मिले। उन्होंने कहा कि समाज ने हमें बहुत कुछ दिया है, समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने सामूहिक चर्चा, रिवीजन, ऑडियो-वीडियो के माध्यम से अवधारणा स्पष्ट करने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्कूलों में संपर्क डिवाईज के माध्यम से अध्यापन का कार्य किया जा रहा है। स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं के लिए सही तरह से मांग प्रस्तुत करें, ताकि मांग के अनुरूप बजट स्वीकृत हो सके। अधोसंरचना एवं सुविधाओं पर विशेष ध्यान देते कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी को सक्रियतापूर्वक, शैक्षणिक विषय को अद्यतन करने तथा स्वयं के विकास की नई संभावनाओं की तलाश करने कहा। इस दौरान ग्रीष्मकालीन प्रायोजना, परीक्षा परिणाम, वार्षिक अकादमिक कार्ययोजना पर चर्चा की गई। साथ ही छत्तीसगढ़ पोर्टल पर शिक्षकों व कर्मचारियों की जानकारी की प्रविष्टि, विभिन्न देयकों के भुगतान व मांग, शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेश की कार्रवाई, लंबित पेंशन निराकरण, सहित अन्य विषयों पर विभागीय समीक्षा की गई।

# शराबी पति की पिटाई से बेटी को बचाने आई सास की दामाद ने की हत्या





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के थाना क्षेत्रों में लगातार बढ़ रहे हत्या के मामलों के बीच एक बार फिर जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र के ग्राम बहनाखोदा से हत्या का मामला सामने आया है। जहां एक शराबी दामाद ने अपनी सास की गला दबाकर हत्या कर दी और घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया।

ग्रामीणों से घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है वहीं आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार भी कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बहनाखोदरा निवासी अमर लाल खसरे की शादी करीब 17 साल पहले हुई थी और वह ग्राम बहनाखोदरा में ही अपनी पत्नी के साथ रहता था। अमर लाल के घर के बगल में ही उसकी सास भी रहती थी। लेकिन आरोप है कि अमर लाल आदतन शराबी है और वह हमेशा शराब के नशे में धुत्त होकर सरेआम अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था। बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह भी अमरलाल शराब के नशे में धुत्त था और अपनी पत्नी के साथ बड़ी बेरहमी के साथ मारपीट कर रहा था।

यह सब देखकर उसकी सास से रहा नहीं गया और वह अपनी बेटी को बचाने के लिए अपने शराबी दामाद से भिड़ गई। लेकिन शराबी दामाद अमर लाल ने अपना आपा खोते हुए अपनी सास का गला दबा दिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना कों अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

### ग्रामीणों ने दी पुलिस को सूचना

घटना के बाद आस पड़ोस के लोगों ने इसकी जानकारी तत्काल चिल्फी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची तो मृतका का शव जमीन पर पड़ा था। पुलिस ने मृतका का शव बरामद करने के बाद मर्ग कायम किया और आरोपी की पत्नी की रपट पर आरोपी अमरलाल के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसकी खोजबीन कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

## खबर संक्षेप

### खेड़ापति हनुमान मंदिर में पाटोत्सव उत्सव आज



**कवर्धा।** शहर के मारुति वार्ड स्थित सिद्ध पीठ श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में पाटोत्सव 4 मई को मनाया जाएगा। पुजारी चंद्रकिरण तिवारी ने बताया कि मंदिर के जीर्णोद्धार उपरांत कुंभाभिषेक यज्ञ, शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के सानिध्य में हुआ था। उसी तिथि को पाटोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस दिन सुबह 8 बजे सहत्रअर्चन, 1100 लड्डुओं से अर्चन किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

### 19 वाहन चालकों के खिलाफ की गई कार्रवाई

**कवर्धा।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जिले में यात्री बस, जीप, अनफिट मालयान, ट्रैक्टर ट्राली व अन्य वालों की जांच कार्रवाई की जा रही है। इसे लेकर गुरुवार को जिला परिवहन विभाग की टीम ने जीप टैक्सी में परमिट, फिटनेस, बीमा व टैक्स सहित अन्य सुरक्षार्थ के संबंध में चेकिंग की। इस दौरान अनफिट पाए गए वाहनों पर चालानी कार्रवाई की। जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू ने बताया कि 29 अप्रैल से 1 मई तक लगातार 19 वाहनों से 1 लाख 34 हजार 600 रुपए जुर्माने की कार्रवाई की गई है। साथ ही 3 वाहन जब्त किया गया है। इसे लेकर सख्ती की जा रही है। उन्होंने बताया कि कंडम जीप चलते पाए गए उन्हें थाने में खड़ा किया गया। यातायात प्रभारी ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों पर नजर रखी जाएगी।

# नगर के वार्डों में खुलेआम बिक रही अवैध शराब

## पुलिस व आबकारी विभाग मौन




- महिलाओं व स्थानीय लोगों में भारी असंतोष व नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

पाण्डातराई थाना क्षेत्र में इन दिनो जमकर अवैध शराब की बिक्री हो रही है। जिस पर लगाम लगाने न तो आबकारी विभाग कोई कार्यवाही कर रहा है और न ही पुलिस प्रशासन इस ओर ध्यान दे रहा है।

नतीजतन थाना मुख्यालय से लगे ग्रामीण अंचलों में ही कोचिए सरकारी शराब को खुलेआम बेंच रहे हैं। जिसे लेकर ग्रामीणों और विशेषकर महिलाओं में भारी असंतोष देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव में अवैध शराब बिक्री को भाजपा ने एक बड़ा स्थानीय मुद्दा बनाया था ऐसे में माना यही जा रहा था कि सत्ता परिवर्तन के बाद जिले में अवैध शराब बिक्री पर पूरी तरह से लगाम लगा दिया जाएगा।

लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि सत्ता परिवर्तन के करीब पांच माह बाद भी इस दिशा में कोई बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है और सब कुछ पुराने ढर्रे पर बल्कि और भी ज्यादा अवैध शराब बिक्री हो रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पाण्डातराई थाना मुख्यालय से लगे मड़मड़ा रोड, खड़सरा रोड और बाजार में अवैध शराब की खुलेआम बिक्री हो रही है। जिसकी जानकारी स्थानीय पुलिस प्रशासन को भी है और आबकारी विभाग को भी है। लेकिन ऐसा लगाता है कि दोनो ही कोचिओं को मानो अवैध शराब बिक्री की खुली छूट दे दी है। लोगों द्वारा तो यह भी सवाल उठाए जा रहे हैं कि जब सरकार आबकारी विभाग के माध्यम से छत्तीसगढ़ में निर्मित शराब की बिक्री कर रही है तो फिर आखिर कोचिओं के पास इतनी बड़ी मात्रा में अवैध शराब आ कहां से रही है जिसकी वे स्वयं दुकान लगाकर बिक्री कर रहे हैं।

निश्चित रूप से अपनी खपत बढ़ाने और सरकारी शराब को खपाने के लिए आबकारी विभाग की इस अवैध शराब बिक्री में संलिप्तता दिखाई दे रही है। इसी प्रकार नगर के कई वार्डों तक में अवैध शराब खुलेआम बेंची जा रही है। जो निश्चित रूप से पाण्डातराई नगर की स्वच्छ व साफ सुथरा आबोहवा के लिए बेहद खतरनाक है। जिसे देखते हुए स्थानीय लोगों ने शासन, प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन से इस पर पूरी तरह से लमाग लगाए जाने की मांग की है।

### प्रयास आवासीय स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**कवर्धा।** सत्र 2024-25 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। आवेदन भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन 17 मई को रात 12 बजे तक भरे जा सकते हैं। ऑनलाइन भरे गए आवेदन में त्रुटि सुधार 18 मई से 20 मई तक किया जाएगा। प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 9 जून को निर्धारित है। बताया गया कि इस संबंध में विस्तार से जानकारी सहायक आयुक्त विकास कार्यालय जिला कबीरधाम से प्राप्त की जा सकती है।

# आईपीएल के आधा दर्जन सटोरिया गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के थाना क्षेत्रों में इन दिनो आईपीएल क्रिकेट मैच में जमकर सट्टा खेला और खिलाया जा रहा है। जिस पर पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार पैनी नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस टीम ने एक बार फिर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से आधा दर्जन सटोरियों को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जिले के कवर्धा, पिपरिया, पाण्डातराई क्षेत्र में ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए आधा दर्जन सटोरियों में गिरफ्तार किया है। जिसमें आरोपी अमित चंद्रवंशी पिता शिवकुमार चंद्रवंशी ग्राम खरहट्टा थाना पाण्डातराई, अजय पिता शत्रुहन चंद्रवंशी ग्राम लखनपुर थाना पिपरिया, जगतारण पिता सरजू सोनवानी निवासी ग्राम जमुनिया थाना कवर्धा, मुकेश पिता भगवान सिंह ठाकुर साकिन सांरगपुरखुर्द थाना कवर्धा, चन्द्रहास पिता अजय चंद्रवंशी साकिन कुसुमघटना चौकी पोड़ी थाना बोड़ला तथा मुकेश पिता रोशन जायसवाल साकिन वार्ड नंबर 02 रामनगर कवर्धा शामिल हैं। गिरफ्त में आए इन सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 06, 07 के तहत कार्यवाही की है।

# करपात्री स्कूल में विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला आयोजित

- बोर्ड परीक्षा परिणामों के पूर्व बच्चों को दी गई कई टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

स्वामी करपात्रीजी विद्यालय में परीक्षा परिणाम आने पर तनाव मुक्त रहने शिक्षक, पालक और छात्र-छात्राओं के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

भीषण गर्मी में भी उपस्थित विद्यार्थियों व पालकगण का स्वागत भाषण करते हुए प्राचार्य डीएस जोशी ने कहा कि आने वाला परीक्षा परिणाम जीवन का आखिरी परिणाम नही है, बल्कि एक पड़ाव है जिसके आगे और भी रास्ते हैं लक्ष्य तक पहुंचने के लिए.... कार्यक्रम में व्याख्यातागण दिलीप सिंह क्षत्री, बीके उइके, हरिप्रसाद शुक्ला, पीएस ठाकुर, अवधराम साहू, जलेश वर्मा, लखनराम झारिया, प्रसन्न गुप्ता, पूनम सोनी, रोहित जायसवाल, वजनराम साहू, आरएस जायसवाल, ईन्द्रकुमार मरकाम, अंजली तिवारी, अर्चना सोनी, सरिता चन्द्रवंशी, लक्ष्मी चन्द्रवंशी, पार्वती तिवारी ने अपने सम्बोधनों में अनेक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि कबीरधाम जिले में इस विद्यालय के ढेर सारे विद्यार्थीगण हैं,जिन्होने परीक्षाओं में बहुत अच्छे अंक भले न प्राप्त किए हों, पर सफल जीवन व्यतीत कर रहे हैं? अतः सफलता के मार्ग और भी हैं। पालक कृष्णा गोस्वामी ने कार्यशालाकी सराहना की व अपने संस्मरण सुनाए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्याख्याता जेके सिंह ने कहा कि छात्र अपनी बातें रखने या कुछ पूछने शिक्षा मण्डल के हेल्पलाइन नम्बर के अलावा विद्यालय के किसी भी शिक्षक को फोन कर सकते हैं।

# महाराष्ट्र में मिली लापता नाबालिग लड़की, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



नाबालिक लड़की के अपहरण के संगीन मामले को पाण्डातराई पुलिस ने सुलझाने में सफलता हांसिल की है। इस मामले में जहां पुलिस लड़की को आरोपी के चंकुल से सही सलामत महाराष्ट्र से छुड़ाकर वापस ले आई है वहीं आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पाण्डातराई पुलिस को नाबालिक लकड़ी के परिजनो से शिकायत मिली थी कि नाबालिक लड़की अचानक 21 मार्च 2024 से लापता हैं। महिला संबंधी अपराध को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए लड़की को ढूंढने के लिए टीम का गठन किया। पूछताछ में मालूम पड़ा की लड़की महाराष्ट्र के सतारा जिला के थाना उम्रज अंतर्गत भोशलेबाडी में आरोपी पंकज पटेल के साथ हैं। इस जानकारी के बाद पुलिस टीम ने महाराष्ट्र पहुंचकर आरोपी के ठिकाने दबिस दी और लड़की को अपने कब्जे में ले लिया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। लड़की से पूछताछ में इस बात का खुलासा हुआ कि आरोपी पंकज उसे शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बना रहा था और फिर वह उसे बहलाफुसलाकर महाराष्ट्र ले गया। पीड़िता के इस खुलासे के बाद पुलिस ने आरोपी को धारा 366, 376(2)?, 4, 6 पास्को एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं।

## कई विषयों पर की गई चर्चा, परीक्षा परिणाम के पूर्व तनावमुक्त रहने दिए गए टिप्स

# राजानवागांव में पालक, बालक एवं शिक्षकों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव में शुक्रवार को पालक, बालक एवं शिक्षक के बीच बैठक का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य बिंदु हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम को सहजता से स्वीकारने, छात्र-छात्राओं की गतिविधियों पर नजर बनाए रखना, छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने, आगामी कक्षा में विषय चयन एवं शैक्षिक विषय अध्ययन अध्यापन, करियर काउंसलिंग कार्यक्रम में सहभागिता, तनाव दूर करने संबंधित टोल फ्री नंबर की जानकारी इत्यादि बिंदु पर बैठक आयोजित की गई। संस्था के प्राचार्य सुजीत गुप्ता ने बताया कि आगामी दिनों में बोर्ड की परीक्षा को देखते हुए विद्यार्थियों के मन में उत्पन्न निराशा एवं तनाव को दूर करने के लिए तथा निरंतर आगे अध्ययन करने के लिए तनाव का अवलोकन, पहचान एवं लक्षणों पर चर्चा की गई। बैठक में पलकों से आग्रह किया गया कि बच्चों पर अनावश्यक दबाव व अपने अपेक्षाओं को ना डालें बल्कि बालक, बालिका के मानसिक स्थिति के अनुसार विषय चयन अथवा भविष्य के विषय में निर्णय में सहयोग देकर सलाहकार की भूमिका निभाए। उन्होने कहा कि मानव जीवन अमूल्य है ये दोबारा नहीं मिलता अतः सोच समझकर भविष्य की योजना बनाना अपेक्षित है। श्री गुप्ता ने बताया कि आगामी दिनों में जिला कार्यालय द्वारा करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है जिस पर छात्र-छात्राओं को भाग लेने के लिए आह्वान किया। उन्होने बताया कि परीक्षा परिणाम के तनाव के लक्षण दिखाई देने पर परामर्श की आवश्यकता होने पर छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर से टोल फ्री नंबर 18002334363 पर दिनांक 1 से 15 मई तक बात कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में प्राचार्य सुजीत गुप्ता के अतिरिक्त व्याख्याता कमलेश तिवारी, जय लक्ष्मी शर्मा, आशा अवस्थी, बरखा रानी साहू, धनंजय यादव, रनजय सुतार इत्यादि सहित छात्र छात्राएं एवं पालक गण उपस्थित होकर अपने विचार रखे।

# यूएनओ भी लायंस के सेवाकार्यों का सम्मान करता है: शैलेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233-सी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन शैलेश अग्रवाल आधिकारिक यात्रा पर आज नगर में थे। उनके साथ कैबिनेट सेक्रेटरी एमजेएफ लायन आशीष अग्रवाल भी आए। ग्राम मगरदा स्थित लायंस पार्क ऑक्सी जोन में डिस्ट्रिक्ट पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इस पार्क में जामुन के 500 पौधे रोपे गए हैं और सभी पौधे वृक्ष होने की राह पर हैं। तत्पश्चात शैलेश और आशीष ने लायन पदाधिकारियों के साथ सुधा वाटिका में लायंस वाटर कूलर और साई संजीवनी अस्पताल में लायंस डायलिसिस सेंटर का निरीक्षण किया। आखिर में सभी लोग होटल रॉयल सेलिब्रेशन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। लायंस इंटरनेशनल के प्रवर्तक मेलविन जोंस के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बहुत ही सरल लहजे में शैलेश अग्रवाल ने लायंस इंटरनेशनल की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यूएनओ और नेटो जैसी संस्थाएँ भी लायंस के सेवाकार्यों का सम्मान करती हैं। उन्होंने बताया कि पूरे विश्व के लायन परिवार में साढ़े चौदह लाख और भारत में तीन लाख से ज़्यादा लायन सदस्य हैं। डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी आशीष अग्रवाल ने क्लब के सेवाकार्यों की प्रशंसा करते हुए सुंदर शब्दों में लायनवाद की व्याख्या की। भावी अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल ने अभावग्रस्त आदिवासियों के बीच कंबल वितरण का ज़िक्र किया। अध्यक्ष बीपी गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन और हरीश गांधी ने सचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रेरक संचालन नीरज मंजीत ने किया। आखिर में शैलेश ने नए सदस्य डा. अरविंदर छाबड़ा और सोहेल मिर्जा का स्वागत किया और आशीष ने उन्हें शपथ दिलाई।